




नवभारत

भोपाल, सोमवार, 11 मई, 2026


# सुलह-समझौते की मेज पर सुलझे विवाद

## छतरपुर लोक अदालत में 1901 मामलों का निपटारा, टूटते रिश्तों को मिली नई जिंदगी

**छतरपुर, 10 मई.** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के आह्वान पर जिला न्यायालय छतरपुर सहित तहसील न्यायालयों में 'नेशनल लोक अदालत' का आयोजन किया गया.

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस अदालत ने न केवल करोड़ों रुपये के वित्तीय दावों का निपटारा किया, बल्कि वैवाहिक विवादों में घिरे परिवारों को भी फिर से एक कर दिया.

### न्याय का उत्सव : 31 खंडपीठों ने सुनी जनसुनवाई

लोक अदालत का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ. सुचारू संचालन के लिए जिले भर में कुल 31 खंडपीठों का गठन किया गया था. इस दौरान न्यायाधीशगण, अधिवक्ता और पक्षकारों की भारी मौजूदगी रही.

### भावुक क्षण : जब माला पहनाकर साथ विदा हुए दंपति

लोक अदालत का सबसे मानवीय पक्ष वैवाहिक मामलों में देखने को मिला, जहाँ कानूनी दलीलों की जगह 'समझाइश' ने काम किया.

### न्याय के साथ पर्यावरण का संदेश

महाराजपुर के कमलेश और रामबाई ने भी आपसी कड़वाहट भुलाकर नया जीवन शुरू किया. इस अवसर पर न्यायालय द्वारा जोड़ों को 'न्याय के प्रतीक' के रूप में पौधे भेंट किए गए, जो उनके खिलते हुए रिश्तों का प्रतीक बने.

### दो साल बाद मिले हमसफर

नारायणपुरा के भैयालाल और रामरति के बीच




पिछले दो वर्षों से चल रहा कानूनी युद्ध लोक अदालत की समझाइश से समाप्त हुआ. दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाई और साथ रहने का संकल्प लिया.

### विशेषज्ञों की राय

विधिक विशेषज्ञों के अनुसार, लोक अदालत केवल केस खत्म करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में सद्भाव बनाए रखने का सबसे सशक्त हथियार है. यहाँ किसी की हार नहीं होती, बल्कि 'दोनों पक्षों की जीत' होती है.

### आंकड़ों में सफलता की कहानी

अदालत ने लंबित और प्रीलिटिगेशन, दोनों श्रेणियों में बड़ी सफलता हासिल की:

**लंबित प्रकरण:** न्यायालयों में चल रहे 686 प्रकरणों (आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना दावा आदि) का निराकरण हुआ, जिनमें 4,93,80,134 रुपये के अवार्ड पारित किए गए.

**प्रीलिटिगेशन:** बैंक और बिजली बिल जैसे 1215 मामलों को कोर्ट पहुँचने से पहले ही सुलझा लिया गया, जिससे 1,31,20,648 रुपये की रिकवरी सुनिश्चित हुई.

# किशोर सागर तालाब में मिला युवक का शव

**छतरपुर, 10 मई.** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले किशोर सागर तालाब में रविवार सुबह एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई. प्रारंभिक तौर पर अज्ञात माने जा रहे इस शव की पहचान दोपहर तक बेनीगंज मोहल्ला निवासी सज्जन वंशकार के रूप में कर ली गई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह करीब 11:00 बजे राहगीरों ने तालाब के पानी में एक शव को उतराते हुए देखा. देखते ही देखते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल इसकी सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और गोताखोरों व स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकलवाकर अपने कब्जे में लिया. शव मिलने के बाद पुलिस शिनाख्त के प्रयासों में जुट गई थी. मामले में अपडेट देते हुए सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सतीश सिंह ने आज 10 मई दोपहर 2:30 बजे जानकारी साझा की. उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान शहर के ही बेनीगंज मोहल्ला निवासी सज्जन वंशकार के रूप में हुई है. परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है. पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है. सज्जन तालाब तक किन परिस्थितियों में पहुँचा और उसकी मृत्यु कैसे हुई, ये सवाल अब भी अनसुलझे हैं.

# युवक ने तुड़वाई युवती की शादी

## भेजा जेल, शादी के दिन ही ससुराल भेजे निजी फोटो

**छतरपुर, 10 मई. गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने युवती की शादी के दिन ही उसके निजी फोटो और वीडियो होने वाली ससुराल भेजकर रिश्ता तुड़वा दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता का विवाह तय हो चुका था और घर में खुशियों का माहौल था. शादी वाले दिन, जब रस्में चल रही थीं, तभी आरोपी अखिलेश अहिरवार (23) निवासी ग्राम मनकारी (महाराजपुर) ने युवती के पुराने प्रेम संबंधों के दौरान लिए गए निजी फोटो और वीडियो उसके होने वाले ससुराल पक्ष को भेज दिए. आपत्तिजनक सामग्री सामने आने के बाद ससुराल पक्ष ने विवाह करने से साफ इनकार कर दिया, जिससे युवती और उसके परिजनों को भारी सामाजिक व मानसिक आघात पहुँचा.

### बीएनएस की धारा 69 के तहत कार्रवाई

घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ गढ़ीमलहरा थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई. थाना प्रभारी रीता सिंह और उनकी टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की. पुलिस ने आरोपी अखिलेश अहिरवार के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया.




### इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच जारी

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और सोमवार को उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया जाएगा. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने युवती की सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से यह कृत्य किया था. फिलहाल पुलिस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है. पीड़िता के परिजनों ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है.

## एक नजर में

### आर्थिक मदद जारी

**विदिशा.** सर्पदंश के एक प्रकरण में विदिशा उपखण्ड अधिकारी के द्वारा मृतक के परिजन को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता के आदेश जारी किए गए है. जारी आदेश में उल्लेख है कि ग्राम रूसल्ली में कृषि कार्यो के दौरान सर्पदंश से श्रीमती मोहरबाई की मृत्यु हो जाने पर मृतिका के पति मूलचंद रैकवार पिता तोरन सिंह निवासी रूसल्ली को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता आरबीसी 6(4) के प्रावधानो तहत जारी की गई है.

### संयुक्त बैठक संपन्न

**गंजबासौदा.** स्वयं स्वस्थ बनो अभियान समिति एवं रक्त सेवा समिति की संयुक्त बैठक संपन्न हुई. बैठक में समिति के कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे तथा आगामी योग शिविर की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक में निर्णय लिया गया कि 15 मई से 24 मई तक मानस भवन में योग शिविर आयोजित किया जाएगा. शिविर को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्ययोजना तैयार की गई. समिति ने अधिक से अधिक महिला एवं पुरुषों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया.बैठक में रक्त सेवा समिति के संस्थापक राजेश तिवारी, अध्यक्ष राकेश जैन, उपाध्यक्ष परवेज फजलानी, ओमप्रकाश जैन, सचिव अनिल दुबे, कोषाध्यक्ष मुकेश तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष महिला शाखा श्रीमती विद्या यादव, सचिव श्रीमती रेहाना फजलानी, संरक्षक श्रीमती प्रमिला तिवारी, श्रीमती मीनेश यादव, महेंद्र सिंह रघुवंशी, राजेंद्र गौर, मोहित समैया, अनुराग जैन, जगपाल सिंह, लखपत सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### वितरित किए पक्षियों के जल पात्र

**विदिशा.** मदर्स डे के उपलक्ष्य में भारत भारती जैन मंडल द्वारा पक्षियों के लिए जल पात्र (सकोरे) वितरित किए गए. मंडल प्रमुख नीता सराफ ने बताया कि भीषण गर्मी में पक्षियों की रक्षा एवं उनके लिए पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पुनीत कार्य पिछले 19 वर्षों से लगातार किया जा रहा है.उन्होंने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि एवं गुड़ी पड़वा से जल पात्र वितरण अभियान प्रारंभ किया गया था, जिसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार चलाया जा रहा है. मंडल की महिलाओं ने लोगों से अपने घरों एवं आसपास पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने की अपील भी की.कार्यक्रम में मंडल की सदस्य सपना जैन, विभा जैन, नीतू जैन, महक सराफ, निकिता जैन, मास्टर अरिंजय सराफ सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### श्रीमद् भागवत कथा में बह रही ज्ञान की गंगा

**सिरोंज.** श्री महामाई माता मंदिर डांग वाली के दरबार में 121 कुंडात्मक श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन धर्म एवं ज्ञान की गंगा बह रही है. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं. क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज द्वारा 7 मई से 15 मई तक महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें प्रतिदिन बड़ी तादाद में भक्त आहुतियां अर्पित कर रहे हैं. इसी क्रम में 7 मई से 14 मई तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचिक गौसेवा कुंज उज्जैन से आई सुगना बाईसा श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करा रही हैं. कथा के तृतीय दिवस उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा इस संसार सागर से पार लगाने वाली दिव्य कथा है.

# पत्नी ने ससुराल जाने से मना किया तो पति ने पीया जहर

## ■ पुलिस की सक्रियता से बची युवक की जान ■ आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज

**छतरपुर, 10 मई,** जिले के चंदला थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने घरेलू कलह के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया. हालांकि, पुलिस की सक्रियता से एक बड़ा हादसा टल गया.

चंदला के गुधौरा निवासी कंधी अनुरागी अपनी पत्नी रामकुंवर को लेने ससुराल रमझाला गया था. पत्नी ने पति की नशे की लत और जुए की आदतों से तंग आकर साथ जाने से साफ मना कर दिया. इसी बात से आहत होकर कंधी ने जहरीली डाई पी ली और सीधे थाने पहुँच गया. युवक जहरीली डाई पीकर थाने पहुँचा और पुलिस पर दबाव बनाने की कोशिश करने लगा. लेकिन थाना प्रभारी श्रद्धा शुक्ला ने मामले की गंभीरता को भांपते हुए बिना वक्त गंवाए युवक को तत्काल अस्पताल भिजवाया. समय पर इलाज मिलने से युवक की जान बच गई. जांच के दौरान पत्नी रामकुंवर ने बताया कि उसका पति शराब और जुए का आदी है. वह अक्सर जुए में पैसे हारकर घर आता है और नशे की हालत में मारपीट करता है.



### पुलिस की कार्रवाई

घटना के बाद युवक के ससुर शिवराम कोरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी पति कंधी अनुरागी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 226 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है.



# दो बाइकों की टक्कर में झांसी का युवक घायल

**छतरपुर, 10 मई.** बमीठा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया के पास रविवार को एक सड़क हादसा हो गया. यहाँ दो बाइकों की आपसी भिड़ंत में एक बाइक स1वार गंभीर रूप से घायल हो गया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक की पहचान सत्तार खान के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश के झांसी जिले के निवासी हैं. हादसे के तुरंत बाद उन्हें बमीठा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया है. घायल के परिजनों ने 10 मई, दोपहर करीब 1:30 बजे बताया कि भिड़ंत काफी तेज थी. फिलहाल जिला अस्पताल में उनका उपचार जारी है और उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है.

# महिलाओं के बीच हुई जमकर मारपीट

## ऊजरा में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर खूनी संघर्ष

**छतरपुर, 10 मई. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम ऊजरा में शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प का मामला प्रकाश में आया है.**

यादव और कुशवाहा समाज के बीच लंबे समय से चल रही तनातनी ने उस वक्त उग्र रूप ले लिया जब दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए. इस विवाद का एक वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लाठी-डंडे चलते और चीख-पुकार साफ सुनी जा सकती है. ग्रामीणों के अनुसार, गांव की एक सरकारी जमीन को लेकर दोनों परिवारों के बीच वर्षों से विवाद चला आ रहा है. मामला तब बिगड़ गया जब यादव पक्ष की महिलाओं और कुशवाहा परिवार के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक शुरू हुई. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई.




घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस दोनों पक्षों को पकड़कर गढ़ीमलहरा थाने ले आई. थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो करीब दो दिन पुराना है. हालांकि शुरुआत में दोनों पक्षों ने आपसी समझौते की कोशिश की थी, लेकिन कानून-व्यवस्था और वीडियो की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं.

## सीजेएम की सूझबूझ से सुलझा विवाद

# शिकवे-शिकायत भूल फिर एक हुए पति-पत्नी

**छतरपुर, 10 मई.** आपसी मनमुटाव और विवाद के कारण टूटने की कगार पर पहुँचे एक परिवार को जिला न्यायालय की पहल से नया जीवन मिला है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ दर्ज कराई गई मारपीट की शिकायत के मामले में न्यायालय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बृजपुरा निवासी प्रमोदनी पटेल का अपने पति लक्ष्मण पटेल से विवाद चल रहा था. विवाद इतना बढ़ा कि प्रमोदनी ने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज करा दी थी. पुलिस द्वारा इस मामले में वैधानिक कार्रवाई की जा रही थी. यह मामला जिला न्यायालय पहुँचा, जहां सीजेएम (चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट ) स्वाति निवेश जैसवाल ने दोनों पक्षों की बात सुनी. न्यायालय ने परिवार को टूटने से बचाने के उद्देश्य से दोनों के बीच मध्यस्थता की. न्यायाधीश की समझाइश और सार्थक प्रयास के बाद पति-पत्नी अपने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर साथ रहने को राजी हो गए. न्यायालय परिसर में दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से समझौते पर हस्ताक्षर किए. इस पहल की सराहना करते हुए उपस्थित लोगों ने कहा कि ऐसे समझौतों से न केवल न्यायालय का भार कम होता है, बल्कि बिखरते हुए परिवारों को भी सुरक्षा मिलती है.



## लापरवाही ▶ बिना अग्निशमन यंत्र और फिटनेस के दौड़ रहीं बसें

# खटारा बसों के भरोसे यात्रियों का सफर, हादसे का डर

**छतरपुर, 10 मई. जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और हाल ही में झांसी-खजुराहो नेशनल हाईवे पर ट्रक में हुई आगजनी की घटना ने वाहनों की सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं.**

इसके बावजूद, छतरपुर के अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है. दिल्ली, भोपाल, इंदौर और सागर जैसे बड़े शहरों के लिए चलने वाली कई निजी बसों की हालत इतनी जर्जर है कि वे कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती हैं.

### खत्म हो चुकी फिटनेस

स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है कि बस स्टैंड से संचालित होने वाली कई बसों की फिटनेस अवधि समाप्त हो चुकी है. नियमानुसार, बिना वैध फिटनेस और परमिट के बसों का संचालन प्रतिबंधित है, लेकिन यहाँ नियमों को ताक पर रखकर यात्रियों की जान जोखिम में डाली जा रही है. इसके अलावा, बसों के अंदर किराया सूची न होना भी आम बात हो गई है, जिससे यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है.



### रस्सियों से बंधे 'इमरजेंसी गेट', गायब सुरक्षा उपकरण


बस स्टैंड पर खड़ी बसों का जायजा लेने पर हैरान करने वाली तस्वीरें सामने आ रही हैं. यात्रियों का आरोप है कि कई बसों की आपातकालीन खिड़कियां (इमरजेंसी एक्जिट) टूटी हुई हैं, जिन्हें सुधारने के बजाय रस्सियों से बांधकर रखा गया है. भीषण गर्मी में वाहनों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन इसके बावजूद अधिकांश बसों में आग बुझाने वाले यंत्र तक मौजूद नहीं हैं.

### चुप्पी पर सवाल

क्षेत्रीय लोगों ने परिवहन विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं. उनका कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं और कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है. अब सवाल यह उठता है कि क्या जिला प्रशासन इन जर्जर बसों के खिलाफ कोई विशेष जांच अभियान चलाएगा, या फिर किसी बड़ी अनहोनी के बाद ही विभाग की नींद खुलेगी?

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत आवेदन 12 तक

**विदिशा 10 मई.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत द्वारका-सोमनाथ के लिए आवेदन 12 तक आमंत्रित किए गए है। संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी श्रीमती दीपा केशरवानी ने बताया कि मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नागरिक जो 60 वर्ष से अधिक आयु के व महिलाओं के मामले में दो वर्ष की छूट, आयकरदाता ना हो तीर्थ दर्शन हेतु अपने आवेदन निर्धारित प्रारूप में अंतिम तिथि 12 तक जमा कर सकते है. शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरीय निकाय में तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक संबंधित जनपद पंचायत में कार्यालयीन दिवसों, अवधि में अंतिम तिथि 12 तक जमा कर सकते है.




# मंत्री राजपूत से लायरा को नगर परिषद बनाने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई.** कुरवाई तहसील क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायत लायरा को नगर परिषद का दर्जा देने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है. क्षेत्र के नागरिकों ने प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को ज्ञापन सौंपकर लायरा को नगर परिषद घोषित करने की मांग की.

कुरवाई-बीना-सागर मुख्य मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत लायरा में लगभग 2 किलोमीटर क्षेत्र में 5 हजार से अधिक आबादी निवास करती है. ग्रामीणों का कहना है कि बढ़ती आबादी और क्षेत्रीय विकास की आवश्यकताओं को देखते हुए लायरा को नगर परिषद का दर्जा दिया जाना जरूरी है.ज्ञापन सौंपने के दौरान बीना-कुरवाई क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता सत्यजीत सिंह ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे.